भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 645

18 सितंबर, 2020 को उत्तरार्थ

विषय: किसानों की आय में कमी

645 श्रीमती फूलो देवी नेतम:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि लॉकडाउन अवधि के दौरान प्रति प्रवास (रिवर्स माइग्रेन) के कारण कई राज्यों में कृषि संबंधी कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है;

(ख) यदि हां, तो किसानों की आय में हुई कमी के ब्यौरे सहित कितनी मात्रामें किसानों की फसल नष्ट हुई है; और

(ग) खेती से जुड़े हुए कितने कृषि मजदूरों का प्रति प्रवास हुआ है और उन्हें वापस लाने के लिए क्या योजना है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री

(श्री नरेंद्र सिंह तोमर)

(क) और (ख): सरकार ने क्षेत्र स्तर पर किसानों तथा कृषि क्रियाकलापों को सुकर बनाने के लिए कई उपाय किए हैं और देश भर में किसानों तथा सभी हितधारकों को समय पर लाभ उपलब्ध कराए हैं। सरकार द्वारा किए गए सक्रिय हस्तक्षेपों ने संपूर्ण रबी फसलों की समय पर कटाई के लिए सुविधाजनक बनाया है,और रबी उत्पादों सरकारी एजेंसियों द्वारा रिकार्ड खरीद हुई है। इसके अतिरिक्त, खरीफ फसलों के तहत बुआई क्षेत्र कवरेज में वर्ष 2020 के दौरान उल्लेखनीय प्रगति हुई है। दिनांक 11.09.2020 की स्थिति के अनुसार, खरीफ फसलों के तहत कुल बुआई क्षेत्र पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 1045.18 लाख हैक्टेयर की तुलना में 1104.54 लाख हैक्टेयर था, जो 5.68 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

(ग) कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने ग्रामीण क्षेत्रों की ओर लौट आएप्रवासी मजदूरों के लिए रोजगार और आजीविका के अवसरों को बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं।

20 जून, 2020 को शुरू किए गएगरीब कल्याण रोजगार अभियान (जीकेआरए) का कार्यान्वयन मिशन की तर्ज परछ: (6) राज्योंनामत: बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अपने मूल गांवों की ओर लौट आए अप्रवासी मजदूरों को रोजगार प्रदान करने के लिए किया गया है।

*****